## खबर संक्षेप

### शराब के अधिक सेवन से ग्रामीण की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जामपाली निवासी एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब सेवन करने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 24 जून को जन्मजय ध्रुव पिता धनीराम (44) ने अत्यधिक शराब सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल पिथौरा में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पतेरापाली में एक व्यक्ति को शराब पीने पिलाने का संसाधन उपलब्ध कराते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काली मंदिर जाने की पगडंडी रास्ता तालाब पास ग्राम पतेरापाली में गजेंद्र उर्फ सोनू यादव लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा है। आरोपी पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### झोपड़ी मे शराब पीने की सुविधा देते गिरफ्तार

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर पानी टंकी के सामने अपने झोपड़ी में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपब्ध कराते गिरफ्तार किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने चखना झोपड़ी तुमगांव पानी टंकी के सामने पहुंची जहां ओमप्रकाश यादव लोगों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिला रहा था एवं शराब पीने का समान उपलब्ध करा रहा था।

### भीखापाली में सदगुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर भजनों की प्रस्तुति

**तेंदूकोना।** ग्राम भीखपाली में ग्रामवासियों एवं सत्संग समिति द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब का 626वा प्राकट्य दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अत्यंत ही धर्मपूर्ण वातावरण में ज्ञान यज्ञ एवं चौका आरती का आयोजन महंत सुकालु साहेब पुजारी, महंत हेमप्रकाश साहेब रायपुर (कचना), संत मंडली एवं ज्ञान गुण सागर मानस परिवार, रामनारायण साहू के विशेष सहयोग से किया गया। 31 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित हुई। संगीतकार रामप्रवेश पारकर, जीवन लाल साहू, हरिओम मानस परिवार एवं टीम द्वारा सगदुरू कबीर साहेब के भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य वक्ता पंडित भागीरथी दुबे ने कबीर साहब के प्राकट्य का वर्णन करते हुए कहा कि मोक्ष भूमि काशीपुरी के लहरतारा तालाब में कमल पुष्प पर जुलाहा दंपत्ति नीरू नीमा को प्राप्त हुए। हमें सदगुरु कबीर साहेब का अवतरण ही जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। सात्विक आहार विहार, समरसता का पाठ, आडंबरविहीन एवं मानव मात्र को प्रेम सूत्र में बांधने का दिव्य संदेश दिया।

## शासकीय कन्या शाला सारंगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

# प्रवेशोत्सवः गुलजार हुईं स्कूलें, छात्रों में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला मुख्यालय सारंगढ़ में शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के छात्रों को टीका लगाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत ने कहा कि स्कूल एक मंदिर भी है और शिक्षालय भी है। स्कूल जाने को लेकर बच्चों में एक अलग उत्सुकता रहती है। शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें भी दी जाती है, जो छात्राएं दूर से स्कूल आती हैं उनके लिए साइकिल का भी वितरण किया जाता है। शिक्षा से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है और हम भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा की महत्ता को समझें और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। शाला प्रवेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल चलें हम गीत पर छात्रों ने नृत्य किया। मोना माडर्न स्कूल द्वारा शिक्षा का सूरज है निकला, हो रहा है सूरज उजाला गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा अशोका पब्लिक स्कूल द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं सेजेस सारंगढ़ के छात्रों द्वारा स्कूल चलें हम गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक केराबाई मनहर, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए मंत्री टंकराम



**बलौदा बाजार।** छुईहा स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्र–छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।

प्रवेश उत्सव पर प्रदेश कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा और भाजपा के अन्य नेताओं की उपस्थिति रही, जिसमें मंत्री ने सभी छात्र–छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूल के कामकाज और चल रही कक्षाओं के बारे में पूछा। मंत्री ने स्कूल के पाठ्यक्रम को जानने में भी उत्सुकता दिखाई, जिससे वें बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कुछ कक्षाओं का दौरा भी किया और कर्मचारियों से बात की। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में स्कूल संस्थापक आकाश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या सुनीता बहादुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## प्रवेशोत्सव के साथ स्कूलों में लौटी रौनक



**सिमगा।** राज्य में नया शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 26 जून से शुरू हुई। स्कूल खुलने के साथ ही ब्लॉक के सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस बार कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष एवं सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे नये अंदाज में दिखे। श्री दुबे के आव्हान पर राजस्व विभाग से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने अपने क्षेत्र के विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया। इस बीच विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर स्वागत पश्चात मिठाइयां, चॉकलेट, बिस्किट, फल, फूल, पेन किताब, पुस्तकें, ड्रेस का वितरण किया गया। सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे ने तहसील क्षेत्र के प्राथमिक शाला बनसांकरा, दुलदुला एवं खंडवा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर राजस्व टीम के साथ बच्चों को फल, चॉकलेट एवं बिस्किट्स से मूंह मीठा कराया तथा पढ़ने प्रोत्साहित करते हुए खूब ज्ञानर्जन के लिए कहा। तहसीलदार दुबे ने बच्चों से कहा कि शिक्षा हमें सही और गलत को पहचानने का रास्ता बताती है। हमें तर्क एवं जिज्ञासा पढ़ने से ही प्राप्त होगी। शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती है।

## तिलक लगाकर बच्चों को कराया प्रवेश



**खरोरा।** नया शिक्षा सत्र 26 जून से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालकगण की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इसक पश्चात समिति के सदस्यों को श्रीफल से सम्मानित किया गया। बच्चे को मध्याह भोजन में खीर-पूरी, दाल चावल, सब्जी समूह सदस्यों द्वारा परोसा गया। कार्यक्रम में शाला सभी शिक्षक-शिक्षकाओं का भरपूर सहयोग रहा।

## सशिमं में मना प्रवेशोत्सव



**खरोरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव पर मां सरस्वती का पूजन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने सभी छात्रों का तिलक वंदन कर प्रवेश कराया। इस दौरान पाठ्य पुस्तकें और गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रेरित किया।

## प्रवेशोत्सव में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**पलारी।** बुधवार को नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गई है, जहां लंबे अरसे बाद स्कूलों में बच्चों के चहल-पहल से रौनक लौटी। इसी तारतम्य में सत्र के पहले दिन शासकीय प्राथमिक शाला कोसमंदा में बच्चों का मूंह मिठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान पुस्तकें और गणवेश का वितरण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि बिसौहा राम गायकवाड़ एवं शाला विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार कन्नौज द्वारा न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक हेमलाल साहू, राजेश कुमार साहू, श्रवण कुमार यादव, रोशन लाल धुव, अध्यक्ष राजेश कनौजे, मिथलेश पुरुषोतम, गजेन्द्र कनौजे, महिला समुह की सदस्य और रसोइयां उपस्थित थीं।

## बच्चों की दशा-दिशा तय करने में शिक्षक और पालक का योगदान महत्वपूर्ण



**पलारी।** शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस ही नगर पलारी में स्थित हैलो किड्स प्ले स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर भाग्य साहू व चंदन साहू द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर एडमिशन दिलाया गया। साथ ही बच्चों को बैग, कापी, किताब, पेन शिश,पेंसिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अथितियो का स्वागत किया गया। इस अवसर अतिथियों ने कहा कि बच्चे मिट्टी के समान होते हैं, उसे जिस सांचे में ढालोंगे वैसे ही बनेगा अर्थात बच्चों की दशा-दिशा तय करने में शिक्षक और पालक का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा बच्चों को मोबाइल गेम से दूर रखकर उसके हाथों में किताब पकड़ाए और अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार दें, बच्चों को बुद्धिमान और धैर्यवान बनाए ताकि बच्चे नई सोंच के साथ आगे का मार्ग प्रशस्त कर सके। शिक्षा ही हमारा मुख्य हथियार है, इसके बिना कोई भी लड़ाई जीतना संभव नहीं।

## स्कूलों में लौटी रौनक, बच्चों के चेहरे खिले




**खरोरा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात बुधवार को स्कूलों के पट खुल गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि विद्यालय के प्रथम दिवस विद्यार्थियों की उत्सुकता देखते ही बन रही थी। अब विद्यार्थी नई ऊर्जा व नए उत्साह के साथ स्कूलों में मस्ती करते नजर आ रहे हैं। प्रधान पाठक एसके देवांगन ने कहा कि विद्यालय में चाक चौबंद व्यवस्था कर ली गई है। विद्यार्थियों के लिए शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें व गणवेश भी उपलब्ध हो चुका है। नवप्रवेशी छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है तथा पालकों से संपर्क कर सभी विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल्द ही शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का भी



## गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**सरायपाली।** गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल जोगनीपाली में शैक्षिक सत्र 2024-25 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं बुद्धि प्रदाता गणेश के तैलीय चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उन्हें पुस्तक वितरित की गई। विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरुजी, संचालक जन्मजय नायक, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर बेहतर से बेहतर किए जाने वाले प्रयासों से शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आने और बेहतर पढ़ाई-लिखाई करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं कम से कम शुल्क में छात्रों को संस्कारयुक्त बेहतरीन शिक्षा देने एवं नया सत्र, नए संचालक, नए स्वरूप के साथ अंचल में गोपनाथ आश्रम विद्यालय की अलग पहचान बनाने के लिए दृढ़संकिल्पत होने की बात कही। नवप्रवेशी विद्यार्थियों में उनके नए विद्यालय और नए माहौल में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## दशकों पुरानी मांग पार्षद ने की पूरी, शंकरनगर में बोर खनन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर में टाकीज लाइन में दशकों पुरानी बोर की मांग को पार्षद आशीष पुरोहित ने पूर्ण किया। वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में पूजन कार्य कर बोर खनन का कार्य प्रारंभ किया गया। पार्षद आशीष पुरोहित ने कहा शंकरवार्ड में पूर्व में जहां भी गर्मी के दिनों में टैंकर की जरूरत होती थी, अब सारी जगह उससे निजात मिल गया है।

अब मेरा वार्ड टैंकर मुक्त हो चुका है। भविष्य में एक बोर खनन का कार्य और है, उसे भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। उक्त अवसर पर मोहन अग्रवाल, भारत धमेचा, कोमल शर्मा, पवन अग्रवाल, सुरेश छाबड़ा, संजय जैन, मनीष बरवड़, अरिहंत सेवाका, छोटू शर्मा उपस्थित थे। समस्त वरिष्ठजनों द्वारा पार्षद आशीष पुरोहित को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## लावर पंचायत बना नशा मुक्त ग्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत लावर जहां पर शान्ति समिति महिला कमांडो ने बढ़ती नशा खोरी, जुआ, पर अंकुश लगाने संगठन बनाकर रोज शाम 5 से रात 8 बजे तक ग्राम के चौक चौराह, गली मोहले में दबीस दी जा रही है। इससे पंचायत अब नशामुक्त ग्राम बन चुका है। वहीं महिला कमांडो ने नशा मुक्त गांव बनाये रखने का संकल्प लिया है। इन दिनों महिला कमांडो की सदस्य असामाजिक तत्वों को समझाईस देकर नशा नहीं करने की समझाइश देकर नशेडियो पर पाबंदी लगाने भरपूर कोशिश कर रही है। इसके साथ ही हथबंद थाना प्रभारी हेमंत पटेल के मार्गदर्शन एवं लॉ वर ग्राम पंचायत सरपंच रूपा ध्रुव का सहयोग काम आ रहा है। जानकारी में सभी महिलाएं गांव के माहौल से तंग आ चुकी थी। आए दिन घर-द्वार, गाली मोहले और चौक-चौराहे, हाट बाजार पर नव युवक एवं असामाजिक तत्व के युवाओं, उम्र दराज के लोगों द्वारा नशा कर गाली गालोच, अभद्र व्यवहार एवं हुडदंग करते देखने को मिलता था। वहीं हर गली में शराब कोचियां आसानी से मिल जाते थे, जिस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने में कामयाब हुईं हैं। शराब कोचियों को जेल के हवाले पहुंचाने के बाद चौक चावराहे पर पैनी नजर रखी रहती हैं। भनक लगते ही वहां तुरंत बाइक से पहुंचकर दबीस देकर चेतावनी के साथ शराब को छीन कर तोड़ दिया जाता है। शांति समिति महिला कमांडो की चर्चा आस पास के गांवों में हो रही है। जिसके प्रभाव से मनोहरा के सरपंच ने अपने ग्राम को सहयोग करने की बात रखी, जिसमें वहां भी सहयोग जारी है। सभी महिलाओं ने अपनी सुरक्षा एवं सहयोग की आशा रखते हुए शराब बिक्री के साथ सामाजिक, स्थल एवं रोड, गली और चौक चौराहे में शराब बंदी पर अंकुश लगाने में कामयाब हो रही हैं।

## खरोरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

# नए सत्र की नई शुरुआत का उत्सव : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर के उद्घोष के साथ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा का शाला प्रवेशोत्सव प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की बुनियाद है और शिक्षक राष्ट्र के निर्माता। शिक्षक बच्चों को गढ़कर सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करता है। क्योंकि बच्चे ही राष्ट्र के भावी कर्णधार है। स्वाभिमानी शिक्षक ही स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण करता है। शाला प्रवेशोत्सव नये सत्र की नई शुरुआत का उत्सव है, जहां बच्चे नए उत्साह के साथ सीखने की ललक लेकर शाला में प्रवेश करते हैं। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशा परमार ने शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। संस्था के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने पालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित शाला भेजिए हमारा प्रयास होगा बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संगीता यादव, वरिष्ठ शिक्षक डोमार साहू, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के संचालक देवदत्त चंद्राकर, रूपा टंडन, मीना चंद्राकर, कमला, निशी यादव, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण व अभिभावकगण उपस्थित रहे। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में रामेश्वरी ध्रुव, मोना चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद चंद्राकर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल व आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री चंद्राकर ने किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात सरपंच सुनीता देवदत्त चन्द्राकर की ओर से नेवता भोज का आयोजन भी किया। गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय का पहला साप्ताहिक जनदर्शन कल

**रायपुर।** प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। भाजपा के शासनकाल में पहले मुख्यमंत्री निवास में डॉ. रमन सिंह का हर गुरुवार को जनदर्शन होता था। अब प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आमजनों से मुलाकात का कार्यक्रम जनदर्शन 27 जून से प्रारंभ हो रहा है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में जनसरोकारों की बातें होंगी। श्री साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे। साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त होगी। जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे।

### नगर पंचायत माना का कांग्रेस ने किया घेराव



**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की माना नगर पंचायत में हो रहे तालाब खनन, वाहन खरीदी में भ्रष्टाचार, जल संकट व अन्य विषयों को लेकर नगर पंचायत परिसर का घेराव किया गया। रंजीत डे ने बताया, तालाब खनन और वाहन खरीदी के नाम पर शासकीय पैसे की बंदर बाट की जा रही है। नगर पंचायत एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। अधिकारी लीपापोती करने में लगे हुए हैं।

### आपातकाल के बहाने भाजपा अपने कार्यों को दबा रही

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है और जब तक नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे, तब तक यह चलता रहेगा। उन्होंने कहा, आज संविधान का पालन नहीं किया जा रहा है एवं भाजपा के जनप्रतिनिधि खुले मंच पर संविधान बदलने की बात कहते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, लगातार देश की जनता एवं विपक्ष को ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर डराने का काम कर रही है। किसान आन्दोलन में 700 से भी ज्यादा किसानों की मृत्यु हुई, उस पर बात नहीं की जा रही है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है, जनता मूलभूत की सुविधाओं के लिए तरस रही है, समय पर ट्रेन नही मिल रहा है। आपातकाल का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अपने क्रियाकलापों को दबाने का प्रयास कर रही है।



### मानसून सत्र में आएगा सरकार का साल का पहला अनुपूरक

**रायपुर।** 22 जुलाई से शुरु हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सरकार इस साल का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने विभागों से प्रस्ताव मंगाने की तैयारी शुरु कर दी है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव(स्वतंत्र प्रभार) को 28 तारीख कर प्रस्ताव तैयार कर भेजने कहा है। वित्त विभाग से सचिव ने इस संबंध में जारी पत्र में कहा है कि 2024-25 के प्रथम अनुपूरक अनुमान विधानसभा के सत्र जुलाई में प्रस्तुत किए जाने हैं। प्रथम अनुपूरक अनुमान से संबंधित प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में 28 जून तक वित्त विभाग को भेजें। प्रस्ताव के विवरण के संबंध में कहा गया है कि आकस्मिकता निधि अग्रिम की प्रतिपूर्ति संबंधी प्रस्ताव, बजट सत्र के बाद केंद्र सरकार से प्राप्त राशि के परिप्रेक्ष्य में प्रथम अनुपूरक प्रस्ताव, औचित्य सहित अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण प्रस्ताव दिए जाएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट अनुमान में शामिल वे योजनाएं जिनमें अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो।

# शिक्षक एलबी को संविलियन के दिन से ही मिलेगा ओपीएस का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शिक्षक (एलबी) के संविलियन के दिन से ही पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ मिलेगा। इस संबंध में सरकार के वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी संविलियन आदेश की सेवा शर्तों के अनुसार शिक्षक (एलबी) संवर्ग को देय समस्त लाभ के लिए सेवा की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से की जाएगी। वित्त विभाग द्वारा संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि को भेजे गए आदेश में कहा गया है कि वित्त विभाग की अधिसूचना 20 जनवरी 2023 के द्वारा राज्य शासन की पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्ति सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई है। इसकी एक कंडिका में कहा गया है कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को लागू पेंशन नियम छग सिविल सेवा पेंशन नियम (कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी) पेंशन नियम, 1979 के प्रावधानों के अंतर्गत पेंशन की पात्रता होने पर पेंशन भुगतान का आदेश जारी किया जाएगा।

## एनपीएस में जमा सारी राशि होगी वापस

### सेवा की गणना संविलियन के दिन से

आदेश में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 जून 2018 को जारी आदेश के तहत शिक्षक (एलबी) संवर्ग को 1 जुलाई 2018 से शासकीय सेवा में पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्त किया गया है तथा समस्त लाभों की गणना संविलियन दिनांक से किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसीलिए उनके पेंशन निर्धारण के लिए सेवा की गणना 1 जुलाई 2018 से या उसके बाद संविलियन दिनांक से ही की जाएगी।




### एनपीएस की जमा राशि वापस होगी

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 के अनुसार शिक्षक (एलबी) संवर्ग के शासकीय सेवक की सेवानिवृत्ति, मृत्यु के प्रकरण में उनके एनपीएस योजना के अंतर्गत 1 जुलाई 2018 के बाद जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर अर्जित लाभांश की राशि शासकीय खाते में जमा किए जाने के बाद ही उनके पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे। 1 जुलाई 2018 के पहले की एनपीएस योजना की जमा समस्त राशि अभिदाता को वापस किया जाएगा।

## आपातकाल में हमने कांग्रेस से लड़कर दूसरी आजादी पाई

# साय बोले- संविधान बचाने की दुहाई देने वालों ने ही की थी संविधान की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कांग्रेसी आज घूम-घूम कर संविधान बचाने की दुहाई दे रहे हैं, संविधान खत्म हो जाएगा कहकर दुष्प्रचार फैला रहे हैं। ये वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही नेतृत्व में देश में आपातकाल लगाया था, लोकतंत्र की हत्या की थी। भारतीयों की आवाज को दबाने का काम किया था। तथ्य यह है कि फिरंगियों-अंग्रेजों से गांधी-सुभाष के नेतृत्व में लड़कर हमें जो आजादी मिली थी, वह 1975 में हमने खो दी थी। भारत में आज जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जैसे महापुरुषों की देन है। यह कांग्रेस से लड़कर पाई गई आजादी है, कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त कराकर लाई गई आजादी है।

श्री साय ने कहा, भारत में एक सदीभर लंबे संघर्षों और हजारों हुतात्माओं के बलिदान के बाद हमने आजादी पाई थी। आजादी उपरांत स्व. भीमराव आंबेडकर ने हमें मौलिक अधिकारों के साथ संविधान का उपहार दिया। बड़े ही त्याग और बलिदान से प्राप्त इस लोकतंत्र को कांग्रेस नेत्री तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आधी रात को खत्म कर देश को फिर से तानाशाही और गुलामी के उसी काल में धकेल दिया था, जहां से निकलकर 1947 में भारत वापस आया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा है। सीएम साय ने कहा, कांग्रेस ने अपनी आजादी की विरासत को तब ही खत्म कर दिया था, जब लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल लगाया था। भारतीय संविधान और लोकतंत्र आज के भाजपा (तब का भारतीय जनसंघ) के इतिहास पुरुष अटल-आडवाणी-नानाजी जैसे राष्ट्रवादियों का हासिल किया लोकतंत्र है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का कमाया लोकतंत्र है, जिसका आज हम आनंद ले रहे हैं।





### कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाया : साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। श्री साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रूबरू कराते हुए आपातकाल का काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। श्री साव ने कहा, कांग्रेस हमेशा से सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर। कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाने का काम किया है।

### मीसा बंदियों का सम्मान



*भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा एकात्म परिसर में आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री रामविचार नेताम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की। कार्यक्रम में मीसा बंदियों का सम्मान शॉल, पुष्पमाला और श्रीफल भेंट कर किया गया। रामविचार नेताम ने कहा, आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है। कब किसको कहां से उठा के जेलों में भर दिया जाएगा देश भर में लाखों लोगों को जेलों में भर दिया गया। देश एक अघोषित खुली जेल बना दी गई थी। आपातकाल लोकतंत्र पर एक स्याह धब्बा है। चुन्नीलाल साहू ने कहा, आपातकाल सदैव लोकतंत्र के इतिहास में काला दाग रहेगा। मीसाबंदी रहे मोहन चोपड़ा ने अपना स्मरण साझा करते हुए कहा, मेरी आयु मात्र 23 वर्ष थी, जब आपातकाल में मुझे 21 माह जेल काटना पड़ा। कार्यक्रम का संचालन सत्यम दुवा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।*

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने संभाला पदभार, निकाय और पंचायत चुनाव तैयारी में आएगी तेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व आईएएस अजय सिंह फरवरी 2020 में शासकीय सेवा से रिटायरमेंट हुए थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति से पहले वो राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनकी नियुक्ति और पदभार लेने के बाद राज्य में नगरीय निकाय और अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियों में तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे ठाकुर राम सिंह के कार्यकाल में सरकार ने वृद्धि की थी। नवंबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया। तब से यह पद रिक्त था। आयुक्त ने कार्यभार संभालने के साथ ही आने वाले समय में होने वाले नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयारियां करने पर बल दिया। उन्होंने सचिव और अन्य कर्मचारियों से इस संबंध में जानकारी ली।

इस मौके पर सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से आयुक्त सिंह का परिचय कराते हुए इन अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की भी जानकारी दी। इस मौके पर सचिव डॉ. भुरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, अवर सचिव डॉ. अनुप्रिया मिश्रा, अवर सचिव प्रणय कुमार वर्मा सहित आयोग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### परिसीमन के बाद तैयार होगी मतदाता सूची

नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके बाद पंचायत चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में कराने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। पहले चरण में 18 जुलाई तक सभी निकायों का परिसीमन कराने का परिपत्र विभाग ने जारी किया है। परिसीमन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी करना होगा।

# रायपुर की चारों विधानसभाओं का एक साथ मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर भाजपा ने पूरे देश में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने का फैसला किया है। प्रदेश संगठन ने भी प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं के लिए कार्यक्रम तय कए हैं। वैसे तो हर विधानसभा में अलग-अलग कार्यक्रम होने हैं, लेकिन राजधानी रायपुर की चारों विधानसभाओं को मिलाकर यहां पर बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कुछ मंत्री और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी रहेंगे। कार्यक्रम की तिथि को लेकर मंथन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसदों को भी रहना है, इसलिए संभावना यही है कि ज्यादातर कार्यक्रम लोकसभा का सत्र 3 जुलाई को समाप्त होने के बाद होंगे। प्रदेश की विधानसभाओं में होने वाले कार्यक्रमों के लिए छत्तीसगढ़ में बनाई गई समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया 27 जून से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम रखा जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में 2000 से ज्यादा मतदाताओं के सम्मेलन संचालित कर उन्हें तिलक लगाकर, पटका पहनाकर, शाल श्री फल देकर सम्मानित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव में बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इसमें विकसित भारत, भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी, इन विषयों पर भी चर्चा होगी। इन कार्यों के लिए बनाई गई समिति में अशोक बजाज, भरत सिसोदिया एवं उपकार चंद्राकर सदस्य बनाए गए हैं।

■ कल से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में होना है कार्यक्रम



### रायपुर में होगा बड़ा कार्यक्रम

राजधानी रायपुर में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी की जा रही है। यहां पर रायपुर की चारों विधानसभाओं को मिलाकर एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें भारी संख्या में भीड़ जुटाने के साथ चारों विधानसभाओं के मतदाताओं का एक साथ सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई मंत्री और प्रदेश के नेता रहेंगे।

केंद्र में पिछले 10 साल से अघोषित आपातकाल

# भूपेश ने कहा- भाजपा सरकार की स्थिति आपातकाल से बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार में पिछले 10 साल से अघोषित आपातकाल है। ईडी की कार्रवाई 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के यहां हुई है। मीडिया के लोगों के यहां भी कार्रवाई की गई है। किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाये, बहुत सारे किसान शहीद हो गये। कांग्रेस का बैंक खाता सीज किया गया है। चुनाव आयोग में जो शिकायतें की गईं कोई कार्रवाई नहीं हुई। 1 जुलाई से जो कानून लागू होने वाला है, वह घातक है, इस कानून की चर्चा लोकसभा में नहीं हुई है। एक दिन में 78 सांसद निलंबित हुये, दुनिया में जहां लोकतंत्र है, कभी इतने सांसद निलंबित नहीं हुये।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री प्रेस से बात कर रहे थे कि विपक्ष से सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा कर रहे थे, लेकिन जो मान्य परंपरा है, उसका पालन प्रधानमंत्री नहीं कर रहे हैं। एक तो भाजपा की सरकार नहीं है, ये एनडीए गठबंधन की सरकार है। सबको लेकर साथ में चलना था, लेकिन ये तानाशाही रवैया अपनाये हुये हैं और अपेक्षा विपक्ष से कर रहे हैं कि सकारात्मक भूमिका होनी चाहिये। खुद प्रधानमंत्री की भूमिका क्या है? विपक्ष को उपाध्यक्ष देने की परंपरा रही है, उसे तोड़ने का काम लोकसभा में प्रधानमंत्री ने खुद किया था। पहली बार होगा जब विपक्ष द्वारा अध्यक्ष के लिए कैंडिडेट खड़ा किया जा रहा है और इसके लिये कोई जिम्मेदार है तो सत्ता में बैठे नरेन्द्र दामोदर दास मोदी हैं।

### भाजपा नेता खुलकर नहीं बोल पा रहे

उन्होंने कहा, नीट के एग्जाम में न तो चेयरमैन को हटा रहे, न ही मंत्री को, लोकतंत्र है कहां? विपक्ष को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद देना चाहिए था। भाजपा वाले काला दिवस मना रहे हैं। भाजपा के नेता कुछ भी खुलकर बोल नहीं पा रहे हैं। भाजपा के नेताओं की स्थिति खराब है। अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल की स्थिति क्या है? सबको पता है। भाजपा सरकार की स्थिति आपातकाल से बदतर स्थिति है।

### हाईकोर्ट के जज की देखरेख में हो जांच

बलौदाबाजार घटना पर हमारी मांग है कि हाईकोर्ट के जज की देखरेख में इसकी जांच हो। दूसरी बात यह है कि जो एक सदस्यी हाईकोर्ट के मोहित कुमार जज कमेटी बनाई है, उसमें कम से कम दो सदस्य समाज के रिटायर्ड जज को रखा जाना चाहिए, ताकि समाज को विश्वास हो कि कार्रवाई सही है।

### कई लोगों को फायदा पहुंचाने बदली शराब नीति

श्री बघेल ने कहा, हमारी सरकार ने शराब नीति में बदलाव नहीं किया था, जो पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, उसके अनुसार ही चलता रहा। आखिरी में ये हुआ कि एफए-10 में कुछ लोगों के जो रैकेट बना लिए थे और जो उपभोक्ता उसके पसंद के ब्राण्ड नहीं मिलते थे, यही शिकायतें आ रही थी, क्योंकि यहां के दो, तीन, चार, पांच लोगों की मोनोपली हो गई थी। उसको तोड़ने के लिए और प्रतिस्पर्धा होगी, तो राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, इस बात को करके वो फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा, टेंडर तो इनकी सरकार में हुआ और उसको निरस्त कर दिया गया है।

## दस साल पहले शुरू करने के थे निर्देश

# जुलाई से ई-बिल और ई-लेखा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले महीने जुलाई से राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाइन माध्यम से ई-बिल लिए जाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है। खास बात ये है कि यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश अब से 10 साल पहले दिए गए थे, लेकिन कई कारणों से इसे लागू नहीं किया जा सका था।




वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों( सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) राज्य के सभी कोषालयों में देयकों (बिल) का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाए। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए यह जरूरी है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने की समुचित क्षमता वाला स्कैनर व अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

### दस साल पहले लागू करने के थे निर्देश

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में ई बिल ऑनलाईन माध्यम से लेने के लिए वर्ष 2014 से प्रारम्भ किये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा जारी किये गए थे, लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया तथा इस प्रक्रिया को क्रमशः आगे बढ़ाते हुए 01 अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर युक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गयी। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑफलाईन तथा ऑनलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। अब राज्य के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतीकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 01 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी।

# शिक्षा पात्रता परीक्षा में गड़बड़ी, भूपेश ने साय को पुनः परीक्षा कराने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा जिला धमतरी में हुई गड़बड़ी की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा का अवसर देने की मांग की है।

■ भखारा में ओएमआर शीट देर से देने पर नहीं दिया अतिरिक्त समय

अपने निवास में संवाददाताओं से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा, शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 के परीक्षा केंद्र महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय. भखारा के परीक्षार्थियों को 1.30 घंटा विलंब से ओएमआर शीट दी गई और उन्हें अतिरिक्त समय भी नहीं दिया गया। इसके कारण परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट पूर्ण हल करने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा, परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार ओएमआर शीट क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई थी? इसकी जांच की जाए? दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये एवं परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर दिया जाए।

### 400 परीक्षार्थी पर 160 ओएमआर शीट

उन्होंने बताया कि जबकि परीक्षा केंद्र प्रभारी द्वारा नियंत्रक छग व्यावसायिक परीक्षा, मण्डल, नया रायपुर को दूरभाष एवं पत्र द्वारा सूचित किया गया है, जिसमें उल्लेखित है कि परीक्षा केंद्र में 400 परीक्षार्थी आवंटित होने के विरुद्ध 420 प्रश्नपत्र एवं मात्र 160 ओएमआर शीट प्राप्त होने की जानकारी है। परीक्षा केंद्र के प्रभारी द्वारा नियंत्रक को वस्तुस्थिति की जानकारी देकर मार्गदर्शन मांगा गया, परंतु परीक्षा नियंत्रक द्वारा अतिरिक्त समय नहीं देने का निर्देश दिया गया है।

### तत्काल कार्यवाही कर निर्णय लें

उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई के लिये मुख्यमंत्री को पत्र लिखा हूं। सरकार तत्काल कार्यवाही करे और निर्णय भी ले। 400 परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। इनको पुनः परीक्षा का मौका मिलना चाहिए है।

## शाला प्रवेश उत्सव पर हुआ नेवता भोज



बिरकोनी। शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में प्रवेश उत्सव पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी, सलाद, दाल चावल भरोसा गया। शाला में प्रवेश से पहले स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। जिसमें सभी बच्चें में उत्सव नजर आए। शिक्षकों ने अध्यापन कार्य के लिए प्रेरित किया। जिसमें उक्त कार्यक्रम में संकुल समन्वय सहदेव राम ध्रुव, शाला के प्रधान पाठक देवचरण साहू व मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, धनेश्वरी प्रजापति, महिला समूह जय मां शीतला स्व सहायता समूह द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया।

# प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन महासमुंद विकासखंड के 335 विद्यालय में हुआ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर के मार्गदर्शन में महासमुंद विकासखंड के 226 प्राथमिक एवं 109 उच्च प्राथमिक कुल 335 विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शिक्षा सत्र का आरंभ हुआ। प्रथम दिवस बच्चों को प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं आमंत्रित नागरिकों द्वारा न्योता भोज कराया गया। 2 माह बाद विद्यालय आने और उत्सव पूर्वक अभिनंदन के साथ खीर, पूड़ी, मिष्ठान, नमकीन सहित विभिन्न पकवान प्राप्त होने पर नन्हों के चेहरे खिले।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में शाला प्रवेशोत्सव को आनंददायक बनाने एवं नव प्रवेशी बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करने संकुल समन्वयकों के सहयोग से विकासखंड के विद्यालयों में विविध आयोजन हुए। शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस ही उपस्थित सभी बच्चों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों के कर कमलों से हुआ। बच्चों का तिलक वंदन कर उन्हे मिष्ठान खिलाया गया। अनेक विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विशिष्ट तरीकों से बच्चों का स्वागत किया गया तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव में शाला प्रबंधन समिति,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य माताओं सहित पालकों ने अपनी उपस्थिति दी। उपस्थित पालकों ने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। विकासखंड में शाला प्रवेशोत्सव के सफल क्रियान्वयन में संकुल समन्वयक अशोक साहू, सतीश तिवारी,आशीष साहू, ए चंद्रशेखर डोरा,अनिल ढीढी, धरम पटेल, सहदेव ध्रुव, पवन साहू, शेख रशीद कुरैशी, मनोज साहू, सुरेश पटेल, नीरज साहू, डोंगर सिंह टंडन, पीतांबर पाठक,गणेश टंडन, गणेश राम टंडन, सुरेंद्र चंद्राकर, ललित बघ,मनीष चंद्राकर, गुहन साहू,कमल किशोर कुर्रे, बेदराम गिलहरे,जोगिंदर गिलहरे, खेमराज चौधरी, खेमराज दीवान, लक्ष्मीनाथ सकरिया, मानिक राम साहू, देवानंद पटेल, बाल्मिकी साहू, फनेंद्र बंजारे, निर्वाण दास मानिकपुरी, कमल किशोर सिन्हा, ईश्वर कमार, गोविंद ध्रुव,महेंद्र ध्रुव, खिलावन कंडरा, घनश्याम दीवान, शाहीद खान आदि मौजूद रहे।



## बिलखंड स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बसना।** ग्रीष्मकालीन छुट्टी के बाद आज से स्कूल प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्राथमिक शाला के बच्चों को महिला स्वसहायता समूह बिलखंड के महिलाओं द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण कर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसएमसी के अध्यक्ष अभ्यास भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने अपने बच्चों को रोज पढ़ाने के लिए भेजें, किसी भी बच्चों को बेवजह में घुमाने ना और स्कूल से पढ़ के जाने के बाद अपने घर में भी पढ़ने के लिए अवश्य बोले। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे ने भी अपने उद्बोधन में पालक एवं महिला समूह आपने कीमती समय देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने अपने बच्चों को शाला में जरूर प्रवेश कराए और हर दिन स्कूल पढ़ाने के लिए भेजने प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाला समिति के अध्यक्ष अभ्यास कुमार भोई, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे, ग्राम के सभी महिला स्वसहायता समूह के सभी महिलाएं एवं शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के सभी बच्चे गण उपस्थित रहे।

# नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



सेजेस बसना में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रामचंद्र अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं केसी साहू, एसके पटेल, कलवंत होरा तथा शिव अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य केके पुरोहित द्वारा मुख्य अतिथि एवं माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक हेमन्त कुमार दास, प्राथमिक विभाग के प्रधान पाठक हरिराम साव, व्याख्याता नन्द कुमार ध्रुव, विजय सिंह राजपूत, बैकुंठ दास, हेमराज निषाद, सुनील कुमार प्रधान, तेजस्विनी साव द्वारा क्रमशः अतिथियों का सम्मान किया गया।

पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण एवं तत्पश्चात रामचंद्र अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप अपने अमूल्य शब्दों से अनुग्रहित किया गया एवं उनके द्वारा अपनी भाषा, अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए उसको कभी न छोड़ने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित केसी साहू द्वारा भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी एवं नवकक्षा प्रवेशी बच्चों का तिलक एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत करते हुए उन्हें पुस्तके भेंट की गई। इस अवसर पर बोर्ड कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दशवी से तेजस्विनी साव 94.1%,मोहराज 91.6, तस्मिया खान 91 प्रतिशत ने उपस्थित होकर मुख्य अतिथि के करकमलों से मोमेंटो प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा बच्चो को खीर पूड़ी सब्जी परोसा गया। विद्यालय को ओम स्टेशनरी बसना के संचालक शिव अग्रवाल द्वारा वाटर फ्रीजर एवं अमन बिल्डर के मालिक कलवंत होरा द्वारा बच्चों के लिए स्टेशनरी सामान तथा शिव शक्ति मिल्क द्वारा बच्चों के लिए लगभग 4000 रुपए के मूल्य के लस्सी, पनीर आदि भेंट किया गया। इसके लिए प्राचार्य केके पुरोहित द्वारा विद्यालय परिवार की ओर से सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया गया।

# भेंट-मुलाकात में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** 26 जून बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने विगत बुधवार की तरह सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट मुलाकात की। जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई। कई लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत की, जिसमें विनोद दीवान (कुल्हरिया), सरोजनी यादव (लाफिन खुर्द), डेरहीन निषाद (लाफिन खुर्द), सुमिंद्रा निषाद (लाफिन खुर्द), वैशाली पाटिल (महासमुंद), नरेश मार्कंडेय (घोड़ारी), द्वारपाल यादव (घोड़ारी), रामा साहू (कोसरंगी) की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम साहू और तहसीलदार पांडा से एसडीएम कक्ष में मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। हर बुधवार को डॉ. चोपड़ा और अन्य समर्थकों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। हर बुधवार को भेंट करने से लोगों की समस्याओं का निराकरण जल्द हो रहा है, समस्याओं का



निपटारा हो जाने से लोगों में खुशी की लहर है। अधिकारी-कर्मचारी भी अपना काम और अच्छे से कर रहे हैं। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, राकेश सचदेव, हनीश बग्गा, मेघराज चंद्रसेन, पवन साहू, मोहन साहू, सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खट्टी में 7 को निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद।** खट्टी में 07 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी, जो कि पूरे मोहल्ले में भ्रमण करते हुए मेला स्थल पहुंचेगी। यह जानकारी सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा पिता ओंकार प्रसाद शर्मा, करण एवं अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी खुशबू उपाध्याय, खुशी उपाध्याय ने दी है।

### विभिन्न रोगों की जांच प्रतिदिन

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक डा गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी। विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) भी अपनी सेवाएं देंगे।

### वी क्लब महासमुंद के लिए पदाधिकारियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** एसोसिएशन ऑफ वी क्लब आफ इंडिया वी डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 (अपराजिता) में वीं क्लब महासमुंद के लिए अध्यक्ष वी ममता जयसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष वी नीलम जायसवाल को सत्र 2024-25 के लिए चुना गया है। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूर्व एरिया आफिसर वी ऐश्वर्या तिवारी, वी लता चंद्राकर, वी निराजना चंद्राकर को चुना गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट नवविहान/नव सोपान है। महासमुंद क्लब का स्थाई प्रोजेक्ट (मुक्तिधाम में लकड़ी दान) का कार्य करते आ रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता फरमानिया है।

## गौरव पथ निर्माण में की जा रही अनियमितता, अघोषित बिजली कटौती समेत कई मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठेगी विधायक चातुरी नंद

# 28 को विधायक चातुरी नंद ने की अनशन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रही गुणवत्ताहीन कार्य, अधूरे निर्माण से हो रही राहगीरों और नगरवासियों को हो रही दिक्कतों, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती समेत कई मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद 28 जून को एक दिवसीय आमरण अनशन पर बैठेगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती जा रही है। नाली नहीं ढकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है, इतना ही नहीं इस्टीमेट को धता बताते हुए डिवाइडर की ऊंचाई कम कर दी गई है। नगर के व्यापारी और आम जन की समस्याओं से सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार को कोई फिक्र नहीं है। मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर, नगरीय निकाय विभाग के सचिव विभागीय मंत्री समेत मुख्यमंत्री से भी की। परंतु, आज तक कोई जांच नहीं की गई। मजबूरन मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की राह पर चलते हुए आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा



है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से क्षेत्र में अ घो षि त बिजली कटौती की जा रही है। सरायपाली अंचल के कई गांवों में हफ्ते भर से अधिक समय से बिजली बंद है। परंतु, बिजली विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। समस्या का निराकरण करना तो दूर अधिकारी आम जन का फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझते। गांव तो गांव नगर में भी प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है। विधायक नंद ने कहा कि इसी तरह पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। परंतु, शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। जिससे इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पा रहा और सरायपाली नगर समेत पूरे अंचल में पेयजल संकट से आम जनता त्राहि माम होती रही, लेकिन अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अधिकारियों को बार बार लिखित और मौखिक रूप से बोलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मैं अनशन करने पर मजबूर हूं। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर मैं सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ती रहूंगी। उन्होंने आम जनता और क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों से भी जनहित के इस मुद्दे पर समर्थन देने की अपील की है। बता दें कि विधायक चातुरी नंद जनहित के मुद्दों और आमजन की समस्याओं को लेकर विधानसभा में भी मुखर होकर आवाज उठाती है। विधायक बनने के बाद उनका यह पहला आमरण अनशन है जिसका आम जन भी समर्थन कर रहे है।



## श्याम बालाजी महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय में 3 जून को बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंकिता चंद्राकर प्राचार्य श्याम बालाजी महाविद्यालय, उमा चौधरी सहायक प्राध्यापक, निर्मल बंजारे सहायक प्राध्यापक, टोपलाल कुर्रे सहायक प्राध्यापक और सभी विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के गीत, नृत्य और शायरी की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम का समां बांधा। और अनेक प्रकार के मनोरंजक खेल खिलाए गए। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने भी अपने कॉलेज की खट्टे मीठे अनुभवों को सभी से साझा किया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल युवराज ठाकुर और मिस फेयरवेल एकता गोस्वामी, मिस्टर इवनिंग कृष्णा साहू, मिस इवनिंग डोलेश्वरी पटेल, बेस्ट डांसर अंजना बरवा एवं सातो, बेस्ट एंकर प्रवीण साहू, एवं बेस्ट सीनियर देवाशीष सामल को बनाया गया। अंत में कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहते हुए जीवन में उत्तम विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी केतन पवार और माया दीवान ने किया।



## कृषि कार्य में जुटे किसान

**नर्रा।** आषाढ़ माह लगते ही खरीफ फसल के लिए किसानी कार्य में किसान व्यस्त हो गए हैं। खेत की मेड़पार की सफाई के साथ ही गोबर खाद डाल रहे है। वही सुविधा के अनुसार अधिकांश किसानों ने ट्रैक्टर से धान की बोआई करा रहे है। कुछ किसान अपने स्वयं के वाहन यानी नांगर बैल से बोआई कार्य में जुटे हुए है। बता दें कि आषाढ़ माह में तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है। प्री मानसून के चलते क्षेत्र के गांवों में कही बारिश तो कहीं पर सूखा व बूंदाबांदी हो रही है। क्षेत्र में अधिकतर किसान रोपाई के लिए बीज भी डाल रहे है। वही बीज की अंकुरण के लिए झमाझम बारिश की दरकार है।

# आवासीय खेल के लिए राज्य चयन ट्रायल में जिले के भी खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन खेल विभाग परिसर रायपुर में 25 जून से 26 जून 2024 तक (13 से 17 वर्ष) बालक-बालिका तीरदांजी खेल के लिए आयोजित किया गया। जिसमें खिलाड़ियों का मोटर एबिलिटी टेस्ट, स्किल टेस्ट व मेंटर एबिलिटी टेस्ट लिया गया। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न सुविधाएं शासन द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, स्ट्रेंथ व कंडीशनिंग प्रशिक्षण, शुद्ध व पौष्टिक आहार, फिजियोथैरिपी व आवास, शिक्षा, खेल उपकरण व बीमा नि शु ल्क मिलेंगी। खेल अ धि का री मनोज धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले से भोरिंग, तु म गां व , बि हा झ र , बागबाहरा से खिलाड़ी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में शामिल हुए। जिसमें गणेशू, कुशो राम, आर्यन, नीलम, डोमेश्वेरी, देविका यादव, लक्ष्मी साहू, यामिनी धीवर, हुमेश्वरी साहू, दिलेश्वरी साहू, नीलम साहू, डालीका, अबीर पांडेय एवन साहू, पिरीत साहू प्रशिक्षक पुनेंद्र चंद्राकर द्वारा तैयार कर शामिल कराया गया हैं। जिले में



तीरंदाजी खेल अपना अलग पहचान बना रही हैं, जिसमें जिले से पद्मा साहू का चयन सो नी प त ह रि या णा , नवलिन कौर सतारा जैसे राष्ट्रीय खेल अकादमी के लिए हुआ हैं। जहां से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी की जा रही है। साथ ही खेल अकादमी रायपुर, खेलों इंडिया एक्सिलेंस सेंटर बिलासपुर, साई सेंटर रायपुर जैसे जगहों में जिले के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के खिलाड़ियों ने विगत वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में कामयाब रहे हैं। चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जिले के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, बॉल आश्रम बिहाझर अधीक्षक पुनेंद्र चंद्राकर, पिरित साहू, रिंकल बग्गा व जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद के खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. ..... अ / 2, वर्ष, 2023-24.
वाद भूमि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स रामा मेटल एंड एनर्जी प्रा.लि. डायरेक्टर संजय कुमार अग्रवाल पिता स्व. रामचंद अग्रवाल निवासी हालमुकाम जी.के. फेस-1 ग्राउण्ड फ्लोर रामापोर्ट मेनरोड व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 302/177 रकबा 0.8290 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी - 1, खसरा की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 28/06/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 30/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा**

## निधन

### अमित कुमार साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा निवासी अमित कुमार साहू (23) का देहांत 25 जून मंगलवार को गया। जिसका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे रामजी साहू के पुत्र व रेमन साहू के छोटे भाई थे।

# मोहगांव स्कूल में हुआ शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण समारोह आयोजित 25 जून मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल के लिए चयनित छात्रों के पालकों द्वारा शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश कुमार प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल मोहगांव थे। अध्यक्षता रविलाल प्रधान प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ने की। विजय बारीक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान ग्राम प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के वर्ष 2024 में नवोदय विद्यालय के लिए चयनित बच्चों के पालकों द्वारा उनके मार्गदर्शक शिक्षक भोजराज प्रधान को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को डायरी और कलम भेंट की गई। शिक्षक प्रधान के हाथों बच्चों को



सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर नवोदय चयनित बच्चों के पालकों द्वारा विद्यालय को एक नग वाटर कूलर वाटर प्यूरीफायर के साथ, एक नग आलमारी और एक नग लेक्चर स्टैंड भेंट किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश कुमार ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव से एक साथ 18 बच्चों के नवोदय विद्यालय के लिए चयन होने से विद्यालय के साथ गांव भी गौरवान्वित है। इस उपलब्धि के लिए सभी बच्चे, पालकों व शिक्षक बधाई के पात्र हैं। भोजराज प्रधान ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों के लिए स्थापित की गई थी। यह एक आवासीय विद्यालय है, यहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, पालकों के सहयोग से प्रतिवर्ष हमारे विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहता है। अध्यक्ष विजय बारीक ने विद्यालय को सहयोग करने के लिए पालकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, मोहन साहू, रत्नाकर प्रधान, बिशीकेशन भोई, छोटेलाल जागेश्वर, बलदेव बारीक, लवणी बधाई, रविलाल प्रधान, हेमन्त कुमार कर ने इस सम्मान समारोह को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर पण्डा सहायक शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में संजय प्रधान, ओंकार प्रधान, रेशमलाल नायक, जागेश्वर नायक, दिलीप चौधरी, भोजराज नागवंशी, नरोत्तम सिंह ठाकुर, दुर्योधन प्रधान, तरुणी सेन साहू, विश्वनाथ प्रधान, मुकेश पटेल, मनोज नायक, शिवप्रसाद बसन्त, सुशील कुमर्रा, दिलीप कुलदीप, आशाराम नाग, अमृता प्रधान और उमेश कुमार नायक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मीना बाजार में मारपीट, केस दर्ज

**महासमुंद।** नगर के दादाबाड़ा मैदान में लगे मीना बाजार में घूमने गए एक युवक पर नशे की हालत में एक लड़के ने पानी पीकर थूंक दिया, जिसे ऐसा क्यों कर रहो पूछने पर वह मारपीट करने उतारू हो गया। संजय प्रधान ने पुलिस को बताया कि 24 जून 2024 को रात करीब 9:30-10 बजे वह दादाबाड़ा मैदान में लगे मीना बाजार अपने दोस्त हिमांशु हियाल के साथ घूमने गया था। जहां वह अपने दोस्त के साथ मीना बाजार घूम रहा था तो उसी समय एक लड़का नशे की हालत में उसके ऊपर पानी की बोतल से पानी पीकर थूंक दिया। जिस पर संजय ने ऐसा क्यों कर रहे हो कहा तो आरोपी लड़के ने संजय को गाली देना शुरू कर दिया और मारपीट करने उतारू हो गया। सिर में कड़े से मारकर चोट पहुंचाया और भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाप धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### जमीन विवाद में चाचा से मारपीट अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम नवरगंपुर में जमीन विवाद की बात को लेकर भतीजे ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि नवरंगपुर निवासी घसियादास मानिकपुरी रात खाना खाकर परिवार सहित घर के आंगन में सोया था। करीब 11 बजे घसियादास का भतीजा सुनील दास आया और जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा, जिसे घसियादास ने गाली गलौज करने से मना किया तो सुनील गालियां देते जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे डंडे से कान के पास मारकर चोट पहुंचाया। झगड़े को देखकर घसियादास की पत्नी धनमोती आ तो सुनील ने उसे भी डंडा से सिर में मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### नवीन न्याय संहिता के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** 01 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी देने जनपद पंचायत महासमुंद, बसना व बागबाहरा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक साथ ही अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, पुलिस और कानूनविदों की उपस्थिति में सरपंच और सचिवों को आईपीसी 1860, सीआरपीसी 1973 एवं एविडेंस एक्ट 1872 में किए गए संशोधन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय सजा अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीन नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। कार्यशाला में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों क्रिमिनल लॉ 01 जुलाई 2024 से अमल में आ जाएगा। लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधान के अमल पर रोक रहेगा। आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह बनाए गए तीनों नए कानून को 1 जुलाई 2024 से अमल में लाने के लिए नोटिफाई कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य एक्ट को 01 जुलाई से लागू किया जाएगा।

### बस स्टैंड के पास मारपीट काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** बस स्टैंड में सवारी बैठाने को लेकर दो ऑटो चालकों के बीच मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम खैरा निवासी लखन विभार ने पुलिस को बताया कि 31 मई 2024 के सुबह करीब 6 बजे वह अपने आटो को लेकर सवारी बैठाने के लिए बस स्टैंड महासमुंद गया था जहां बस से आए सवारी को बैठाने के लिए देख रहा था तभी राजेंद्र ठाकुर सवारी बैठाने के लिए अपने आटो को बस के सामने लगा दिया जिसे मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और अपने पास रखे डंडा से मारपीट किया।

# स्वास्थ्य केंद्र में सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए होगी पहल

**जीवनदीप समिति की बैठक में विधायक इंद्र साव ने उठाया मुद्दा, भौतिक संसाधनों पर भी दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को जीवनदीप समिति की बैठक विधायक इंद्र साव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनेक स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि व भौतिक संसाधनों की उपलब्धता व सुधार आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल द्वारा अस्पताल के लक्ष्य के लिए उम्मीद जताते हुए जानकारी प्रस्तुत की। विधायक साव ने समीक्षा करते हुए कहा कि सिमगा नेशनल हाईवे पर स्थित है और यहां आये दिन सड़क दुघर्टनाएं होते रहती है, जिसमें गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ठीक ढंग से इलाज नहीं मिलता, उन्हें तुरंत रायपुर रिफर किया जाता है। इसे सुधारने की आवश्यकता है, जिसके लिए यहां ट्रामा सेंटर एवं चिकित्सकों की जरूरत है। डॉ. पारस पटेल ने आय व्यय का ब्यौरा दिया। विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विधायक इंद्र साव ने एसी, वाटर कूलर एवं जीवनदीप समिति की कर्मचारियों का मासिक मानदेय बढ़ाने की अनुशंसा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक साव ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के संबंध में जानकारी ली तथा मरीजों से भी मुलाकात की। वहीं सिमगा के सोनकर मोहल्ले की महिला के नवजात शिशु को देख पर श्री साव ने



खुशी जताते हुए बच्चे के परिवार वालों को बधाई दी। विधायक साव ने चिकित्सकों की कमी के लिए चिंता जाहिर करते हुए शीघ्र मेडिसिन चिकित्सक, आर्थो चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करने की बात कही। बैठक में विधायक इन्द्र साव के साथ विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेन्द्र कोसले, पार्षद दशरथ चंद्राकर, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, पार्षद शिरीज जांगड़े, नानू सोनी, डॉ. साहिल, बीपीएम हेतराम कुर्रे, सोनल केसरवानी, सुनील तिवारी, प्रकाश यदु, युधिष्ठिर दीवान, परस देवांगन आदि उपस्थित थे। हर

## पूर्व विधायक के आतिथ्य में ऑक्सफोर्ड स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का छलका उत्साह, प्रस्तुत किया शानदार नृत्य









हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर में संचालित ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेश धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कसडोल के पूर्व विधायक अरुण मिश्रा पहुंचे, जहां स्कूल के पहले दिन मुख्यातिथि व बच्चों द्वारा हवा में गुब्बारे छोड़े गए। साथ ही प्राचार्य लक्ष्मी साहू और संस्थापक चंद्रप्रकाश साहू द्वारा पूर्व विधायक अरुण मिश्रा को नीम का पौधा और साल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके अलावा स्कूल परिसर में ही जगह-जगह पौधे का रोपण किया गया। इसमें आम, नीम, पीपल सहित अन्य पौधे शामिल हैं। विदित हो कि 26 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। इस दौरान सभी स्कूलों में 26 जून से लेकर 15 जुलाई तक शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। संस्था की प्राचार्य लक्ष्मी साहू ने कहा कि दो माह की छुट्टी मनाकर आज बच्चे स्कूल पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षा और खेलकूद से होता है, जो स्कूल इसके लिए सदैव तत्पर रहता है। स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक क्षमता का विकास करना होता है, बच्चा एक छोटा सा पौधा होता है, जिसमें हम जितना शिक्षा रूपी खाद और पानी डालेंगे उतना ही बच्चा ग्रो करता है। ऑक्सफोर्ड स्कूल 2006 से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होकर कीर्तिमान हासिल कर रही है, इसके अलावा पूर्व विधायक अरुण मिश्रा ने कहा कि 18 वर्षों से ऑक्सफोर्ड स्कूल निरंतर आगे बढ़ रही है, जिसमें प्राचार्य, संस्थापक के अलावा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके कारण स्कूल की ख्याति आज बढ़ी है। स्कूल की छात्रा अदिति साहू ने कहा कि आज स्कूल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्कूली बच्चें 2 माह की छुट्टी मनाकर स्कूल पहुंचे हैं। संस्था के संस्थापक चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि स्कूल में शिक्षा और खेलकूद का आयाम बहुत अच्छा है। जिसके कारण बच्चों को शिक्षा के अलावा खेल कूद में भागीदारी निभाने के कारण बौद्धिक क्षमता के अलावा शारीरिक क्षमता बढ़ी है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऑक्सफोर्ड स्कूल हमेशा प्रतिबद्ध है। इस दौरान स्कूल की शाज़यि खान, दीपक बारीक, गोपाल, प्रभा कन्नौजे, कामना तिवारी, महेश कैवर्त्य, राधिका सहित समस्त ऑक्सफोर्ड के कर्मचारी मौजूद रहे।

# लक्ष्य तय कर आगे की पढ़ायी करें बच्चे



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम राजीव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, नरेन्द्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं शाला प्रबंधन और विकास समिति व यज्ञदत्त शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुनील नायक, डॉ. योगेश दिवेदी, पंच राम यादव, गुरजीत छाबड़ा, गुरजीत कौर व परस नायक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। नवमीं के 300 छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर व पेन देकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य रजनी मिंज ने दिया। शाला प्रवेश पर मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल ने कहा कि यह विद्यालय सैदव आपको नैतिकता व अनुशासन का पाठ पढ़ाएगा। आप जब बड़े होंगे और आप जब विद्यालय में प्रवेश करें तो आपका शीष गर्व से ऊंचा हो और आप अपने गुरुजनों का स्मरण करें। खरोरा नगर के छात्र आई ए एस व आई पी एस में भी सिलेक्ट हुए हैं। स्वार्थ भरी इस दुनिया में सिर्फ और सिर्फ आपके माता पिता व गुरुजनों को ही अती प्रसन्नता होती है।

नरेन्द्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति ने कहा कि आज से ही आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें आप को भविष्य में क्या बनना है। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक आप सभी के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में तत्पर है। डॉ. योगेश द्विवेदी ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया।आभार प्रदर्शन हरीश देवांगन ने और संचालन श्वेता शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता डोमार यादव, अन्य शिक्षक सहित समस्त नवमीं के 300 विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# प्रवेशोत्सव : मध्यान्ह भोजन में पहले दिन परोसी गई खीर-पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

ग्राम कारीपाट के शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू एवं विशिष्ट अतिथि बद्री प्रसाद यादव, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीन यादव एवं संकुल समन्वयक आर के पैकरा सहित पालकगण गोपाल केवट, विनोद डडसेना प्रधान पाठक, शिक्षक–राजेन्द्र बघेल, सफाई कर्मचारी यादराम यादव, रसोइया लक्ष्मीन बाई व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात बच्चों को तिलक लगाकर करते हुए प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात स्कूली बच्चों को शाला प्रबंधन समिति मुख्य अतिथि द्वारा पाठ्य पुस्तकें, गणवेश वितरण किया और मध्यान्ह भोजन में पहले दिन खीर पूरी परोसी गई। बच्चे नया शिक्षण सत्र के पहले दिन ही काफी उत्साहित व खुश नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष साहू ने बच्चों को नियमित स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ने प्रेरित किया। वहीं प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने आभार व्यक्त करते हुए शाला के सभी गतिविधियों में और निखार लाने की बात कही।



# क्षेत्र की स्कूलों में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

क्षेत्र के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक पाठशाला भवानीपुर खपरी, तमोरी, गिधपुरी, रीवाड़ीह, सांहडा, बम्हनी, चरौदा के स्कूलों में शाला प्रवेश धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक एवं शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों को गुलाल, पुष्पहार, मुंह मीठा कर प्रवेश उत्सव मनाया।

ग्राम पंचायत खपरी भ के उपसरपंच मुकेश झा द्वारा छात्रों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे समय में उपस्थित होकर अपना शिक्षा ग्रहण करें और साफ सुथरा कपड़ा पहन कर स्कूल आए। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि साला प्रांगण को साफ सुथरा करवाएं, ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। प्रधान पाठक भवानीपुर टंकार प्रसाद शर्मा ने कहा कि जो बच्चे अब तक एडमिशन नहीं लिए हैं, उनका एडमिशन करवाएं और समय सीमा में ही अपने बच्चों को भेजे। अभी बारिश की माह चल रहा है। प्रथम दिन बच्चों को विभिन्न प्रकार का व्यंजन बनाकर मुंह मीठा कराया गया, जिसमें शाला प्रबंध समिति के शिक्षक एवं रसोइया समिति ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर स्कूल सदस्य सहित बच्चे व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हायर सेकंडरी में मना प्रवेशोत्सव



**भाटापारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहरा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जन प्रतिनिधि, शाला परिवार और बच्चों ने भाग लिया। ग्राम के गणमान्यजन व सभी विद्वान शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर मार्ग प्रशस्त किया।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

ग्राम की स्कूल में प्रवेश उत्सव के दौरान कक्षा पहली के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर निःशुल्क गणेश, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। इसी क्रम में कक्षा नवमी के छात्रओं एवं छात्रों को भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरण की गई। कक्षा दसवीं के छात्राओं को भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरण की गई। प्राचार्य एसएल पटेल एवं व्याख्याता एन लकड़ा, एम एल सिदार, आर एल




साहू, पीएल डी आर साहू, एम किशोर, रजनी बंजारे, दीपिका घनश्याम दास, मनिकपुरी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मना। इस अवसर पर शाला विकास समिति के राम यादव, शाला एवं प्रबंधन समिति के सदस्य टेकलाल साहू, नारायण साहू, अमेरिका बाई, जागेश्वर निषाद उपस्थित थे।

**बिलाईगढ़, सारंगढ़ व बरमकेला विकासखण्ड के 70 गायत्री परिजनों ने लिया हिस्सा**

# धोबनी के 34 घरों में हुआ गृहे–गृहे गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

समीपस्थ ग्राम धोबनी में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गृहे–गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह यज्ञ ग्राम धोबनी के 34 घरों में एक साथ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस कार्यक्रम में बिलाईगढ़, सारंगढ़ व बरमकेला विकासखण्ड के 70 गायत्री परिजनों ने भाग लिया। यज्ञीय कार्यक्रम 9 से 12 बजे तक सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात भोजनोपरान्त जिला स्तरीय गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मिशन के विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 के संबंध में कोसीर में पौधारोपण कार्य हेतु निर्णय, ज्योति कलश रथ हेतु शांति कुंज के निर्देशानुसार अनुदान बिलाईगढ़ व बरमकेला विकासखण्ड से तीस–तीस हजार रुपए एवं सारंगढ़ विकासखण्ड से चालीस हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रत्येक गांवों में मिशन को पहुंचाने का निर्णय, सभी पदाधिकारी व परिजन समन्वय बनाकर एक दूसरे का सम्मान व सहयोग प्रदान करते हुए गुरु कार्य को पूरा करने



का संकल्प, मिशन की पत्रिका स्वयं पढ़ने एवं पाठक बढ़ाने का निर्णय, प्रत्येक युग निर्माणी अपने चरित्र, चिन्तन, साधना स्वाध्याय व सेवा पर ध्यान दें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक गोरा प्रसाद साहू, बरमकेला शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी श्री वर्मा, जिला प्रतिनिधि, तीनों ब्लाक के प्रतिनिधि, सरसीवां परिक्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिक्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

